बच्चे का नाम- स्पर्श
पिता का नाम - राय मधुरंजन

मेरे पुत्र स्पर्श का जन्म 19 अक्टूबर 2006 को पटना के कुर्जी होली फैमली अस्पताल में हुआ। स्पर्श माँ के गर्भ में मात्र सात महीना रहा। दिनांक 19 oct से 24 दिसम्बर तक इनक्यूबेटर में रहा। जन्म के समय इसका वजन मात्र 1 Kg 150 gram था। जन्म के समय विलम्ब से रोया था। स्पर्श 2½ वर्ष में चलना शुरु किया, परन्तु चलने के ढ़ंग सही नही थे। स्थानीय शहर सीतामढ़ी के अच्छे रोग विशेषज्ञ से सलाह लिया परन्तु उनका सलाह केवल निराशा प्रदान किया। डा० भरत सिंह जो PMCH मे प्रोफेसर है, सीतामढ़ी मैं दो दिन जाते है उनका सलाह काफी निराश किया उनके अनुसार स्पर्श CP child है जीवन मे कुछ नही कर पायेगा। इलाज के दौराना निराशा ही निराशा मिला। स्पर्श ~~पंजा~~ एड़ी उठाकर पंजापर चलता था। गिर भी जाता था इसकारण उसके शिक्षा में परेशानी आयी। 2013 में हमारे एक रिश्तेदार जिनके बच्चा पाँव का अभी त्रिशला में ईलाज चल रहा, का सलाह एक आशा की किरण दिखाई पड़ा। वे त्रिशला एवं डा० जे०के०जैन Sir के बारे बतलाये। अक्टूबर 2013 में जैन Sir से स्पर्श को दिखलाया वे पूरे आत्म विश्वास से कहे आपका बच्चा सही हो जायेगा। आप तीन महीना की योजना बनाकर इलाहाबाद आये एवं इसकी सर्जरी करवायें उसके बाद फिजियो थेरेपी करवाना होगा। नौकरी मे छुट्टी की समस्या के कारण मैं 12 मई 2015 को इलाहाबाद पहुँचा। 13 मई को मेरे बच्चे की सर्जरी हुआ। सर्जरी के बाद डा० अमित पाण्डे एवं डा० संजय द्विवेदी सर एवं डा० मो० वाहिद के द्वारा फिजियो थेरेपी हुई। मैं त्रिशला के योग्य मृदुभाषी एवं अनुभवी डा० J.K. Jain Sir एवं उनके योग्य मेहनती फिजियो थेरेपी के चिकित्सक डा० द्वय अमित पाण्डे एवं संजय द्विवेदी एवं Sir का शुक्रगुजार हूँ कि उनके चिकित्सा में क्रांतिकारी योगदान के कारण मेरा बच्चा पूरा पंजा बैठाकर (एड़ी रखकर) लगभग संतुलित ढंग से चल रहा है। पुनः Jain Sir Amit Sir, Sanjay Sir को कोटी-कोटी धन्यवाद।
अंत में त्रिशला के सभी कर्मचारियो को मेरा कोटी-कोटी धन्यवाद जिनके लगन से हमारो बच्चो का समुचित चिकित्सा हो रहो है।

राय मधुरंजन
F/o स्पर्श

पता- कैलाशपुरी वार्ड न०-11
डुमरा सीतामढ़ी बिहार 843301
Mo.No- 7870611563